समाचार

जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता–महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने किया वार्ड क्र. 16 के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण, जानी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 30 अगस्त 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि आमनागरिकों की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं तथा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का निरंतर मार्गदर्शन क्षेत्र के विकास व जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्राप्त हो रहा है, उनके दिशा निर्देशों के अनुरूप लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण व बरसों पुरानी समस्याओं को दूर करने, लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 16 में भ्रमण के दौरान कही। महापौर श्री प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क्र. 16 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया, उन्होने वार्ड अंतर्गत ढेगुरनाला के समीप स्थित बस्ती, नर्सरी मोहल्ला, महंत मोहल्ला, बरपारा, साहू मोहल्ला सहित अन्य मोहल्लों, पारों का दौरा कर बस्तियों का पैदल भ्रमण किया, बस्तीवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान बस्तीवासियों ने बताया कि ढेगुरनाला 200 मेगावाट पावर हाउस के आगे दर्री रोड पर स्थित ढेगुरनाला बस्ती में बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बनती है, जिससे रोड का पानी घरों के अंदर पहुंच जाता है, पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, जिस पर महापौर श्री प्रसाद ने पानी निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए नाली का निर्माण किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 16 में ही नर्सरीपारा में सड़क, नाली, मंच एवं विद्युत एल.टी.लाईन की आवश्यकता वहां के निवासियों द्वारा बतायी गई तथा बरसों

पुरानी मांग को पूरा करने का आग्रह किया गया, जिसे संज्ञान में लेते हुए महापौर श्री प्रसाद ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार महंत मोहल्ला व बरपारा में कांक्रीट सड़क निर्माण किए जाने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्र. 16 के अंतर्गत ही कोहड़िया साहू मोहल्ला का भी महापौर श्री प्रसाद ने पैदल भ्रमण करते हुए वहां की समस्याओं को जाना, इस दौरान वहां के नागरिकों द्वारा सड़क व विद्युत खंभों की आवश्यकता बतायी, जिस पर महापौर श्री प्रसाद ने त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, निगम के अभियंता विनोद दास, हरनारायण राठौर, संतोषी यादव, पुष्पा यादव, मधु सिंह, गीता चौबे, अश्वनी महंत, हरनारायण साहू, दिप्ती भारद्वाज, राधिका यादव, नानबाई महंत, सरोज भास्कर, कीर्तन खैरवार आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।